GAIL (India) Limited

<u>गेल/सीसी/वीडियोग्राफी के लिए वेंडरों की सूचीबद्धता   28मार्च 2019</u>

<u>विषय: वीडियोग्राफी के लिए वेंडरों की सूचीबद्धता</u>

गेल (इंडिया) लिमिटेड, नई दिल्ली वीडियोग्राफी के लिए वेंडरों की सूचीबद्धता के लिए उन सक्षम वेडरों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित करता है जो निम्नलिखित विवरणों के अनुसार बीईसी को पूरा करते हों।

निविदा का नाम : वीडियोग्राफी के लिए वेंडरों की सूचीबद्धता

- बोली प्रस्तुत करने के लिए निर्धारित दिनांक एवं समय : 11.04.2019, 1200 बजे,आईएसटी
- निविदा प्रस्तुत करने का स्थान : गेल (इंडिया) लिमिटेड
  16, भीकाएजी कामा प्लेस
  आर. के. पुरम, नई दिल्ली -110066

सभी प्रकार से परिपूर्ण बोलियां गेल (इंडिया) लिमिटेड, 16, भीकाएजी कामा प्लेस, आर. के. पुरम, नई दिल्ली -110066 कार्यालय में नियत तारीख और समय पर अथवा उससे पहले प्राप्त हो जाए । नियत तारीख और समय के बाद प्राप्त बोलियां अस्वीकृत कर दी जाएगी ।

फैक्स / ई-मेल के माध्यम से प्राप्त बोलियां स्वीकार नहीं की जाएंगी ।

बोलियों के लिफाफे पर बोलीदाताओं का पूरा नाम और पता वर्णित होना चाहिए ।

मूल्य बोली अर्थात अनुलग्नक ‘ ग ’ एक मुहरबंद लिफाफे में हो जिस पर शीर्ष में स्पष्ट रूप से “मूल्य बोली” लिखा जाए ।

अनुलग्नक क एवं ख एक मुहरबंद लिफाफे में हो जिसपर शीर्ष में स्पष्ट रूप से “ अनुलग्नक क एवं ख ” लिखा जाए ।

बोलीदाताओं को परामर्श दिया जाता है कि वे बोली दस्तावेज की शर्तों के अनुसार ही क्वोट करें तथा कोई भी विचलन या अपवाद न करें । एक बार क्वोट करने के बाद बोलीदाता कीमत में कोई बदलाव न करें भले ही बोली में स्पष्ट रूप से किसी विचलन अथवा अपवाद का उल्लेख किया गया हो। कीमत में इस प्रकार के बदलाव से प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जाएगा ।

गेल किसी एक अथवा सभी निविदाओं को अपने सम्पूर्ण विवेकानुसार बिना कोई कारण बताए स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है ।